**Navbharat Times (17.03.2016)**

# फटाफट खबरें

## वाद-विवाद में जीते पुरस्कार



■ **वस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी की ओर से विज्ञान दिवस मनाया गया। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में वैज्ञानिक डॉ.विनोद कुमार और अंतर यूनिवर्सिटी त्वरित केंद्र, नई दिल्ली में डीएसटी-प्रेरित संकाय डॉ.आशीष कुमार मुख्य वक्ता थे। वाइस चांसलर प्रो.दिनेश कुमार मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन प्रो.राज कुमार ने की। संयोजन डॉ.नीतू गुप्ता और ज्योति ग्रोवर ने किया। वाद-विवाद में सिमरन धवन, नेहा कपूर और अंजू मलिक ने पुरस्कार जीते। डिजिटल पोस्टर मेकिंग में निखिल पहले, विपिन दूसरे और मयंक नागपाल तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में पहला पुरस्कार मंजीत डागर, दूसरा सानुभव व तीसरा यश अरोड़ा ने जीता।

**Punjab Kesari (17.03.2016)**

# वाद-विवाद प्रतियोगिता की विजेताओं को किया पुरस्कृत

**फरीदाबाद,(कमल कुमार):** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रूचि पैदा करने के उद्देश्य से बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग तथा वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार तथा अंतर विश्वविद्यालय त्वरित केन्द्र, नई दिल्ली में डीएसटी-प्रेरित संकाय डॉ आशीष कुमार मुख्य वक्ता रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत दी तथा विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन प्रो. राज कुमार ने की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ नीतू गुप्ता तथा ज्योति ग्रोवर ने किया। विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार के लिए प्रेरित करते हुए कुलपति प्रो. कुमार ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान को अपने कैरियर का हिस्सा बनाये तथा देश एवं समाज के उत्थान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ विनोद कुमार ने लेजर तकनीक तथा सेना में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा विषय पर विस्तार से प्रस्तुति दी। 'विज्ञान में नवाचार - वरदान या अभिशाप' विषय को लेकर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें पहला पुरस्कार सिमरन धवन, दूसरा पुरस्कार नेहा कपूर तथा तीसरा पुरस्कार अंजू मलिक ने प्राप्त किया। डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निखिल निभोरिया को पहला स्थान, विपिन खुशू को दूसरा तथा मयंक नागपाल तीसरा स्थान हासिल हुआ। इसी प्रकार, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार मंजीत डागर, दूसरा सानुभव तथा तीसरा यश अरोड़ा ने जीता। कार्यक्रम के अंत में डॉ नीतू गुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार वाद-विवाद प्रतियोगिता की विजेता सिमरन धवन को पुरस्कृत करते हुए।

**Dainik Bhaskar (17.03.2016)**

# विज्ञान को अपने कैरियर का हिस्सा बनाएंः दिनेश

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

**फरीदाबाद|** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से बुधवार को परिसर में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इसके तहत पोस्टर मेकिंग व वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार के लिए प्रेरित करते हुए कुलपति प्रो. कुमार ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान को अपने कैरियर का हिस्सा बनाएं तथा देश एवं समाज के उत्थान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में डा. विनोद कुमार ने लेजर तकनीक तथा सेना में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा विषय पर विस्तार से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में वैज्ञानिक डा. विनोद कुमार, अंतर विश्वविद्यालय त्वरित केन्द्र, नई दिल्ली में डीएसटी-प्रेरित संकाय डा. आशीष कुमार मुख्य वक्ता थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत दी। विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन प्रो. राज कुमार ने की। कार्यक्रम का संयोजन डा. नीतू गुप्ता व ज्योति ग्रोवर ने किया। 'विज्ञान में नवाचार - वरदान या अभिशाप' विषय को लेकर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें पहला पुरस्कार सिमरन धवन, दूसरा पुरस्कार नेहा कपूर तथा तीसरा पुरस्कार अंजू मलिक ने प्राप्त किया। डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निखिल निभोरिया को पहला स्थान, विपिन को दूसरा तथा मयंक नागपाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार मंजीत डागर, दूसरा सानुभव तथा तीसरा यश अरोड़ा ने जीता।

**Hindustan Hindi (17.03.2016)**

# विज्ञान दिवस पर सिमरन और निखिल विजेता बने

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को विज्ञान दिवस का आयोजन हुआ।

संस्थान के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान को अपने करियर का हिस्सा बनाने और देश व समाज के विकास में भागीदारी निभाने का संदेश दिया। इसके बाद यूनिवर्सिटी में हुई पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद और पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में बतौर वैज्ञानिक कार्यरत डॉ. विनोद कुमार और अंतर विश्वविद्यालय त्वरित केंद्र में डीएसटी डॉ. आशीष कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में सिमरन धवन विजेता रहीं। नेहा कपूर दूसरे और अंजू मलिक तीसरे स्थान पर रहीं। डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निखिल निभोरिया पहले, विपिन खुशू दूसरे और मयंक नागपाल तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में मंजीत डागर पहले, सानुभव दूसरे और यश अरोड़ा तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन प्रो. राज कुमार और संयोजन डॉ. नीतू गुप्ता और ज्योति ग्रोवर ने किया।

**Local Newspaper (17.03.2016)**

# विज्ञान को अपने कैरियर का हिस्सा बनाये विद्यार्थी: प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा विद्यार्थियों में वैज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रूचि पैदा करने के उद्देश्य से बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत पोस्टर मेकिंग तथा वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार तथा अंतर विश्वविद्यालय त्वरित केन्द्र, नई दिल्ली में डीएसटी-प्रेरित संकाय डॉ आशीष कुमार मुख्य वक्ता रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत दी तथा विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन प्रो. राज कुमार ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ नीतू गुप्ता तथा ज्योति ग्रोवर ने किया।




विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार के लिए प्रेरित करते हुए कुलपति प्रो. कुमार ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान को अपने कैरियर का हिस्सा बनाये तथा देश एवं समाज के उत्थान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ विनोद कुमार ने लेजर तकनीक तथा सेना में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा विषय पर विस्तार से प्रस्तुति दी। 'विज्ञान में नवाचार - वरदान या अभिशाप' विषय को लेकर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें पहला पुरस्कार सिमरन धवन, दूसरा पुरस्कार नेहा कपूर तथा तीसरा पुरस्कार अंजू मलिक ने प्राप्त किया। डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निखिल निभोरिया को पहला स्थान, विपिन खुशू को दूसरा तथा मयंक नागपाल तीसरा स्थान हासिल हुआ। इसी प्रकार, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार मंजीत डागर, दूसरा सानुभव तथा तीसरा यश अरोड़ा ने जीता। कार्यक्रम के अंत में डॉ नीतू गुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।